## सार-समाचार

### अंकिता व निकिता को किया सम्मानित



**चिड़ावा, (निसं)।** भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत राज्य स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम में क्यामसर निवासी और स्वच्छता अभियान की जिला ब्रांड अम्बेसडर अंकिता क्यामसरिया व वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक निकिता क्यामसरिया का सम्मान हुआ। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर व प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत सहित राज्य स्तरीय अनेक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शपथ ग्रहण समारोह हुआ

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर के ब्राहमण पंचायत भवन देगाबास में विप्र फाउण्डेशन के नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष राधेश्याम सांखोलिया सहित सभी पदाधिकारीयों को शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर विप्र फाउण्डेशन के राष्ट्रिय सचिव मुकेश रामपुरा, प्रान्तिय उपाध्यक्ष विश्वनाथ राजगुरू, महामंत्री अरविन्द शर्मा, जिला अध्यक्ष शम्भूदयाल शर्मा, चूरू तहसील अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, राजगढ तहसील अध्यक्ष चिरंजीलाल तिवाड़ी, जिला सचिव रमेश व्यास, जिला कार्याकारिणी सदस्य राधेश्याम जोशी व प्रमोद शर्मा गोगटिया, स्थानीय ईकाई संरक्षक कुरड़ाराम शर्मा, पार्षद हरी इन्दोरिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विप्र फाण्डेशन हमेशा ही समाज में सभी को साथ लेकर चलने वाला संगठन है। समाज में पिछड़े व्यक्ति को हमे आगे बढाना है, जो छात्र छात्राऐं आर्थिक रूप से कमजोर है उनकी छात्रवृति के रूप में सहायता करने का कार्य विप्र फाण्डेशन करता आया है जिससे हजारो बच्चो को फायदा मिला है, नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष राधेश्याम सांखोलिया ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर विप्र बन्धु की लड़की की शादी में विप्र फाण्डेशन 21 हजार रूपये कन्यादान के रूप में प्रदान करेगा।

### मोटरसाइकिल की दिनदहाडे चोरी

**सादुलपुर, (निसं)।** बस स्टैंड राजगढ पर खडी मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात व्यक्ति दिनदहाडे चोरी कर ले गया। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि भीमराज सैनी उम्र 32 साल निवासी वार्ड नंबर 4० राजगढ ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि वह अपने व्यापार और निजी दुकान के लिए प्रतिदिन चूरू जाता है। वह अपने घर से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर प्रतिदिन मोटरसाइकिल से ही जाता है तथा अपनी मोटरसाइकिल को बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन पर खडी कर देता है। लेकिन दिनांक 13 सितंबर 2०24 को बस स्टैंड पर अपनी मोटर साइकिल को खडी किया था। चूरू से वापस आने पर उसे मोटरसाइकिल नहीं मिली। मोटरसाइकिल उसके चचेरे भाई राजेश सैनी के नाम से है। आसपास खोजबीन भी की तथा लोगों से पूछताछ भी किया, लेकिन कोई पता नहीं चला दर्ज मामले बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

### विश्वकर्मा पूजन का आयोजन

**झुंझुनूं, (निसं)।** रीको झुंझुनूं मंगलम भोग आटा फैक्ट्री परिसर में लघु उद्योग भारती झुंझुनूं शाखा द्वारा श्री विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया। श्री विश्वकर्मा जी एवं भारत माता की पूजा दीप प्रज्ज्वलन, आरती एवं पुष्पांजलि के साथ विधि विधान के साथ की गई। कार्यक्रम के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती शाखा झुंझुनू अध्यक्ष रोहिताश्व बंसल, सचिव सुरेंद्र केडिया, कोषाध्यक्ष संजय टीबड़ा, पूर्व अध्यक्ष नेमी अग्रवाल, शुभम बंसल सहित उद्योगपति एवं उद्योगों में काम करने वाले श्रमिक उपस्थित थे।

### श्रमदान किया

**सीकर, (निसं)।** नगर परिषद सीकर द्वारा मंगलवार को सुबह स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रमादान किया गया।श्रमदान के दौरान कलेक्ट्रेट, कल्याण सर्किल तथा रेलवे स्टेशन पर श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में सीकर को स्वच्छ रखने व स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी दिलवाई। इस दौरान सीकर नगर परिषद सभापति जीवण खां, आयुक्त शशिकांत शर्मा, उप सभापति अशोक चौधरी, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी सहित पार्षदगण व नगर परिषद के अधिकारी व वी वॉईस टीम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छता अभियान का हुआ शुभारंभ

**खेतड़ी, ( निसं )** खेतड़ी नगर के केसीसी प्रोजेक्ट में मंगलवार को केसीसी प्रोजेक्ट के सौजन्य से स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ केसीसी प्रशासन भवर परिसर में किया गया। केसीसी कार्यपालक निदेशक जीड़ी गुप्ता के नेतृत्व में कर्मचारियों व अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीड़ी गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने आस-पास की जगह को स्वच्छ व साफ रखने की आदत डालनी चाहिए। हर व्यक्ति अपने आस-पास की जगह सफाई रखेगा तो पुरा क्षेत्र स्वच्छ व साफ रहेगा। वर्तमान समय में पेड़ों की अंधाधूंध कटाई होने से पर्यावरण पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जिसका सीधा असर मौसम पर भी पड़ने से मौसम असंतुलित हो रहा है। पर्यावरण के सरंक्षण को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम आयोजक ऋचा भटनागर ने स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता विषय पर क्वीज प्रतियोगिा का आयोजन हुआ।

# कस्बे में हो रही चोरी के अंतर्राज्यीय गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**बीदासर, (निसं)।** राष्ट्रदूत के अंक में कस्बे में हुई चोरियों की घटना को लेकर प्रकाशित हुए समाचार के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया प्रकाशित खबर के 48 घंटों के भीतर ही पुलिस ने कस्बेवासियों के सहयोग से तीन चोरों को मंगलवार की सुबह 5 बजे नकबजनी की घटना को अंजाम देने की कोशिश करते हुए धर दबोचा। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए चोरी व नकबजनी के प्रकरणों को ट्रेस करने एवं रोकथाम के निर्देश के बाद थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव के नेतृत्व में थाना की रात्रि गश्त के अलावा निजी वाहनों व दुपहिया वाहनों से अतिरिक्त जाब्ता लगाकर कस्बे के गली मोहल्लों में प्रभावी गश्त की गई। गश्त के दौरान मंगलवार की प्रात: एक मोटर साइकिल पर सवार तीन व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस द्वारा मोटर साइकिल को रोकने का इशारा करने पर उक्त तीनों व्यक्ति मौके पर तेज गति के साथ गांव की तरफ भागने लगे। तो पुलिस ने उनका पीछा किया। इस दौरान एचसी रमेश कुमार ने कार का शीशा खोलकर पुलिस बताकर रुकने का इशारा किया, तो उक्त व्यक्ति नही रूके। कार को मोटर साइकिल के बराबर में लिया तो पीछे बैठे व्यक्ति ने एचसी रमेश को मारने के उद्धेश्य से लोहे की पाइप की मारी लेकिन दूरी होने के कारण चोट नही लगी। एचसी रमेश को उक्त तीनों व्यक्तियों को चोर होने का संदेह पक्का होने पर उनका पीछा करते हुए गांव घंटियाल व दूंकर तक पीछा किया, तथा पुलिस थाना से अतिरिक्त पुलिस जाप्ता बुलाया, तथा कांस्टेबल अशोक कुमार ने स्थानीय सोशल मीडिया पर संदेश देकर व आस पास के गांव के जागरूक लोगो को फोन पर सूचना दी। तो सूचना मिलने पर कस्बे के जागरूक नागरिक भी पुलिस के साथ तीनों व्यक्तियों को पकड़ने के लिए चारों तरफ से घेराबंदी कर ली। उसके बाद तीनों व्यक्तियों की मोटर साइकिल घंटियाल रोड़ पर स्लीप होकर गिर गई, तो तीनों अंधेरा का फायदा उठाकर खेतों में तारबंदी को लांघ कर भाग गए। जिनका पुलिस व कस्बेवासियों द्वारा काफी पीछा कर मालियों के मोहल्लों में दो व्यक्तियों को पकड़ लिया, तथा एक व्यक्ति बैग लेकर खेतों के रास्तों से भाग गया। जिसको काफी प्रयास एवं कुछ घंटों के बाद ही पुलिस ने पकड़ लिया। थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि उक्त तीनों आरोपियों में से दो गुजरात व एक मध्यप्रदेश का रहने वाले है। जो कस्बे में ताला चांबी बनाने के बहाने कस्बे में घूम घूम कर दिन में रैकी करते है एवं रात्रि में बंद मकानों में ताले तोड़कर चोरियों की घटना को अंजाम देते है। गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्तियों से पुलिस पूछताछ में बताया कि मध्यप्रदेश, उतरप्रदेश व अलवर सहित कई जगह पिछले तीन साल से चोरी करना स्वीकार किया है। जिससे कस्बे की कई चोरियों की वारदातों का खुलने व चोरी का माल बरामद होने की संभावना है।

### सौंपा ज्ञापन

**राजलदेसर, (निसं)।** राजलदेसर तहसील के निकटवर्ती ग्राम जेगनिया बिदावतान में बन रहे नए पंचायत भवन को लेकर राजस्व मंडल अजमेर के स्थगन आदेश के उल्लंघन पर न्यायालय की अवहेलना व नोटिस के बावजूद बिना मस्टरोल घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करते हुए निर्माण जारी है कार्य को रूकवाने तथा अब तक हुए निर्माण कार्य की जांच की मांग को लेकर कामरेड भादर भांमू, गोपाल सिलू के नेतृत्व में अनेकों ग्रामीणजनों ने राजलदेसर तहसील कार्यालय में जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार कालूराम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि चूरू कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत भवन हेतु गांव के नजदीक भूमि 22 फरवरी 2021 को आवंटित करने के बाद सरपंच ने एक व्यक्ति के लोभ लालच में खसरा संख्या 631/385 भूमि दान में ले कर व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए गांव से 1.5 किमी दूर ग्राम पंचायत भवन निर्माण करने की मंशा से सरपंच ने अपने निजी व्यक्तियों द्वारा उक्त आबंटन भूमि को निरस्त करवाने के लिए व दान में ली गई।

# प्रधानमंत्री का 74वां जन्म दिवस सेवा पखवाडे के रूप में मनाया




रोहिला अस्पताल में रोगियों को फल वितरण कर देश के प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाते भाजपा किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य।

**सादुलपुर, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वे जन्म दिवस पर मंगलवार को जिला किसान मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा रोहिल्ला नर्सिंग होम राजगढ में रोगियों को फल वितरण कर प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाडा के रूप में मनाया गया।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश खीचड नें कहा की सेवा पखवाडे के अंदर अलग-अलग कार्यक्रम जिले में चल रहे हैं। जिसमें किसान मोर्चा ने भी आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर अलग-अलग कार्यक्रम पूरे जिले में रखे हैं।

इस मौके पर डॉ. हरिराम रोहिला ने भी देश के प्रधानमंत्री जी को जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश खीचड, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, नवीन राजपूत, कृष्ण मेहडा, राजेन्द्र सिंह, हरूण खान, मोनू, सोमबीर प्रजापत, अशोक कुमार व राजेश पूनिया आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं सभी ने देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनकी लंबी उम्र की कामना भगवान से की।

# अग्रसेन जयंती पर 29 से 3 अक्टूबर तक होंगे कार्यक्रम

■ प्रश्न मंच एवं मुख्य समारोह के पश्चात होगा अग्र प्रसाद का आयोजन

**झुंझुनूं, (निसं)।** अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं के तत्वावधान में अग्रसेन भवन झुंझुनूं में अग्रसेन जयंती महोत्सव-2024 का आयोजन विविध कार्यक्रम उत्साह के साथ 29 सितंबर से 3 अक्टूबर को होने जा रहा है। समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, मंत्री शिवचरण हलवाई एवं कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल ने संयुक्त जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य संयोजक रघुनाथ पोद्दार के संयोजन में होने जा रहे अग्रसेन जयंती महोत्सव-2024 में तीन अक्टूबर मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि एमएसीटी कोर्ट के न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी शरद चौधरी करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि राजकुमार खेतान मुंबई, विशिष्ट अतिथि गोपीचंद गाडिया, पशुपति खेतान, श्रवण गोयनका एवं श्री प्रदीप पाटोदिया होंगे।

उन्होंने बताया कि जयंती महोत्सव 2024 का शुभारंभ 29 सितंबर रविवार को सुबह नौ बजे अग्रसेन भवन झुंझुनूं में अग्र ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। महोत्सव के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी समसपुर रोड पर अंकित पोद्दार एवं रितेश सिंघानिया के संयोजन में प्रायोजक दिलीप हंसासरिया के सौजन्य से 29 सितंबर रविवार को सुबह 10 बजे से समाज के 21 वर्ष एवं इससे अधिक के युवाओं के लिए किया जाएगा। इसी क्रम में अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी समसपुर रोड पर आकाश मोदी एवं विकास तुलस्यान के संयोजन में प्रायोजक डॉ. दिलीप मोदी झुंझुनू एकेडमी के सौजन्य से 30 सितंबर सोमवार एवं 1 अक्टूबर मंगलवार को शाम चार बजे से समाज के जूनियर एवं सीनियर ग्रुप के लिए किया जाएगा।

# चूरू के टाउन हाल में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया

■ सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का किया शुभारंभ, श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश।

**चूरू, (कासं)।** विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य व जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत ने जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन के लिए स्वच्छता पहली प्राथमिकता है। स्वच्छ व स्वस्थ परिवेश से बेहतर स्वास्थ्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आमजन 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' में समायोजित होकर अभियान को सफल बनाएं तथा परिवेश को शुद्ध व स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने उपस्थित जन को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यवाहक जिला कलेक्टर शेखावत ने कहा कि सभी शहरवासी नागरिक दायित्व को समझते हुए परिवेश को स्वच्छ बनाएं। कचरे का बेहतरीन प्रबंधन करें तथा वेस्ट से बेस्ट की तकनीक पर कचरे का प्रबंधन किया जाए। 02 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' में सभी अपनी भागीदारी निभाएं तथा स्वस्थ प्रकृति में अपना सहयोग दें। इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, विमला गढ़वाल, आयुक्त अभिलाषा सिंह, बंसत शर्मा, दीनदयाल सैनी, सुरेश शर्मा, एक्सईएन पूर्णिमा यादव, महेन्द्र डाबी, अंकुर जांगिड़ सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व आमजन ने जिला मुख्यालय स्थित गणेश मंदिर के पास श्रमदान कर सफाई की। कार्यक्रम उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में झुंझुनू स्थित परमवीर पीरू सिंह राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान का उद्घाटन समारोह वीसी के जरिए हुआ।

### शाहिद खान का स्वागत

**चूरू, (कासं)।** यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शाहिद खान के चूरू आगमन पर सोमवार देर शाम सर्किट हाउस में पीसीसी सचिव मुस्ताक खान के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हेमंत सिहाग, यूथ कांग्रेस तहसील उपाध्यक्ष पुलकित चौधरी, यूथ कांग्रेस जिला सचिव आदिल गौरी, पूर्व यूथ कांग्रेस महासचिव गुलजार खान, छात्र नेता फरमान खान, यूथ कांग्रेस जिला महासचिव मो. सलीम व छात्र नेता वाहिद खान ने माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर शाहीद खान का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शाहिद खान ने कहा कि आने वाले समय में यूथ कांग्रेस अपने कायकर्ताओं के साथ राजस्थान में भाजपा सरकार की अनीतियों के खिलाफ सड़क से विधानसभा तक अपनी आवाज को मुखर करेगी। पीसीसी सचिव मुस्ताक खान ने कहा कि राजस्थान कांग्रेस कमेटी यूथ कांग्रेस के हर आंदोलन के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने को तैयार है। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस के आसिफ बहलीम, इमरान खान, धर्मपाल न्योल, आदिल मनियार, साहिल, अनिल हुड्डा, आसिफ खान जदा, फौजी साब, अबास डीके,सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# हैण्डबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ

**सादुलपुर, (निसं)।** शहीद बजरंग लाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुलखनिया बडा (चूरू) में 17 व 19 वर्ष छात्रा वर्ग 68वीं जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता 2०24 के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। जो जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा चूरू गोविन्द सिंह राठौड की अध्यक्षता एवं उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा रामूराम बुन्देला, बबलेश शर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। वहीं सभी टीमों द्वारा मार्च पास्ट में भाग लिया गया एवं ध्वज को सलामी दी गई तथा सभी टीमों को शपथ दिलाई गई। इसी दौरान अरूण कुमार पूनियां प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक, हनुमानसिंह श्योराण उप प्राचार्य, सुनील श्योराण उप प्राचार्य, आनंद डांगी वरिष्ठ अध्यापक, विक्रम डांगी शारीरिक शिक्षक व अन्य मेजबानों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं प्रधानाचार्य एवं संयोजक अरुण कुमार पूनिया ने बताया कि पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में 17 वर्ष छात्रा वर्ग में 18 टीमों के 183 प्रतियोगियों एवं 19 वर्ष छात्रा वर्ग में ०9 टीमों के साथ 97 प्रतियोगी भाग लेगे। मंच संचालन उपप्राचार्य सुनील श्योराण ने किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भगेला प.स. राजगढ़ ( चूरू )**

क्रमांक :- ग्राप/ई निविदा/2024-25/32-35 दिनांक : 12.09.2024

**ई-निविदा सूचना 02/2024-25**

राजकीय विभाग में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्ते www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.gov.in पर दिनांक 17.09.2024 प्रात: 10.00 बजे से 30.09.2024 को सायं 6.00 बजे तक देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। जो दिनांक 01.10.2024 को सायं 05.00 बजे निविदा खोली जावेगी।

संलग्न : निविदा सूचना 02/2024-25

NIB No. ZCR2425A0383&84

UBN No. 1. ZCR2425WSOB00741
2. ZCR2425WSOB00742
3. ZCR2425WSOB00743
4. ZCR2425WSOB00744
5. ZCR2425WSOB00745
6. ZCR2425WSOB00746

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति राजगढ़ ( चूरू )

रोशनी, सरपंच, ग्राम पंचायत भगेला, पंचायत समिति राजगढ़ ( चूरू )



**कार्यालय ग्राम पंचायत पहाडसर, पंचायत समिति राजगढ, चूरू**

क्रमांक : 84 दिनांक : 16/09/2024

**निलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में पूर्व निर्मित वर्षो पुराने जर्जर ईट खुरों की ईट / मलबे की खुली निलामी दिनांक 20/09/2024 को सुबह 11 बजे भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केंद्र पहाडसर में की जानी है

| क्र.सं. | ईट खुर्रों का नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 01 | शीशराम के घर से फरसा राम के घर तक | पहाडसर |
| 02 | सी सी सडक से महावीर गोदारा के घर तक | पहाडसर |
| 03 | रायसिंह राजपूत के घर से रघुवीर के घर तक | पहाडसर |
| 04 | सचिन छिरंग के घर से सी सी सडक तक | पहाडसर |
| 05 | सी सी सडक से प्रेम धुवा के घर तक | मिठी |
| 06 | डामर सड़क से इश्वर रेडू के घर तक | मिठी |
| 07 | राजकीय बालिका विद्यालय की चार दिवारी मय गेट | पहाडसर |

**कार्यकम**

1. धरोहर राशी 5000 रुपए जमा कराना - 11 बजे से 11:30 AM
2. मौका स्थल का अवलोकन करना - 11:30 बजे से 12:00 बजे तक
3. निलामी कार्यक्रम - 12:15 PM

इच्छुक बोली दाता 5000 रूपए धरोहर राशी पंचायत में जमा करवा कर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकता है

(रंजना कुमारी) सरपंच, ग्राम पंचायत पहाडसर, पंचायत समिति राजगढ (चूरू)



**कार्यालय ग्राम पंचायत अलायला पंचायत समिति तारानगर, चूरू**

क्रमांक :- एफ()/24-25/60-65 दिनांक :- 17.09.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से स्वच्छ भारत मिशन व पन्द्रहवां वित्त आयोग कन्वर्जेन्ष के तहत स्वीकृत कार्यों के सम्पादन हेतु दो वर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटी पिरियड के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http:// sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फिस | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक सोख्ता गढ़ा मैजिट पिट निर्माण कार्य नग 33 ग्राम अलायला, ढाणी छतुसिंह रामपुरा ग्राम पंचायत अलायला | 8.25 | 16500 | 500 | 500 | 2 माह |
| 2 | सामुदायिक सोख्ता गढ़ा मैजिक पिट निर्माण कार्य नगर 24 ग्राम पंचायत जिगसाना ताल ग्राम पंचायत अलायला | 6.00 | 12000 | 500 | 500 | 2 माह |
| 3 | सामुदायिक सोख्ता गढ़ा मैजिक पिट निर्माण कार्य नग 17 जिगसाना जिगसाना टिब्बा जोरजी का बास ग्राम पंचायत अलायला | 4.25 | 8500 | 500 | 500 | 2 माह |
| 4. | सामुदायिक खाद का गढावर्मी कम्पोस्ट नग 09 अलायला, ढाणी छतुसिंह, रामपुरा, जिगसाना ताल, जिगसाना टिब्बा जोरजी का बास ग्राम पंचायत अलायला | 2.79 | 5580 | 500 | 500 | 2 माह |

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन फार्म डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक | दिनांक 18.09.2024 को समय प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 30.09.2024 को सांय 06.00 बजे तक |
| कार्यालय में दस्तावेज जमा कराने की दिनांक | दिनांक 01.10.2024 को दोपहर 01.00 बजे |
| ऑनलाइन निवदा खोलने की दिनांक | तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक 01.10.2024 को दोपहर 03.00 बजे |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

( अलायला ) सरपंच, ग्राम पंचायत अलायला, पंचायत समिति, तारानगर

( रवी कुमार ) ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अलायला, पंचायत समिति, तारानगर

